an>

Title: Regarding intercity rail service between Delhi and Sriganganagar via Hanumangarh and construction of a washing line at Hanumangarh in Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार के द्वारा रेलवे के विकास में जो अभूतपूर्व प्रगति हुई है, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान का हनुमानगढ़ जिला, सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण, वहां रेल की समस्या बहुत है। हनुमानगढ़ और गंगानगर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। हनुमानगढ़ जिले में एक वाशिंग लाइन का निर्माण किया जाना बहुत आवश्यक है। भटिंडा जंक्शन से हनुमानगढ़ की दूरी लगभग 80 किलोमीटर है। वहां पर वाशिंग लाइन हेतु व्यवहार्यता नहीं है। हनुमानगढ़ जिले के जंक्शन में 400 बिगहा जमीन रेलवे के पास है, जो सीमावर्ती क्षेत्र में है। वहां पर वाशिंग लाइन होना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इन जिलों में, हनुमानगढ़ और गंगानगर जिलों में रेल संचालन के लिए वाशिंग लाइन बनाई जाए।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक और निवेदन करना चाहता हूं कि कोच्चि और नादेड़, दो ट्रेन्स आकर बिकानेर रूकती हैं, उसे श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जाए। ट्रेन नम्बर 14519 और 14520 किसान एक्सप्रेस और ट्रेन नम्बर 19225 और 19226 जम्मू-भटिंडा एक्सप्रेस, हनुमानगढ़ में आ कर खड़ी हो जाती है। हनुमानगढ़ से वह मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। वहां पर ट्रेन छः घंटे खड़ी रहती हैं। इसलिए उसे हनुमानगढ़ बढ़ाने के लिए आपके माध्यम

से केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगा कि वह इस कार्य को पूरा करें। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री निहाल चन्द द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।